दिन– गुरूवार दिनांक– 05 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। संपादक– डॉ. सविता पारीक
अवधिः– 15 मिनट टंकक– कुमार अभिषेक

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **खालिद रशीद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. शिक्षक दिवस के अवसर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बिहार के दो शिक्षकों समेत देशभर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

02. कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अगले वर्ष से देश के किसी भी बैंक की शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकेंगे।

03. अररिया जिले के रानीगंज में अज्ञात बीमारी से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत। प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल टीम कर रही है कैम्प।

04. और, हरविन्दर सिंह पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने। बिहार के शरद कुमार ने हाई जम्प में जीता रजत पदक।

---

आज शिक्षक दिवस है। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

–––म्यूजिक–––

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में बिहार के दो शिक्षकों समेत देशभर के बयासी शिक्षक को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करेंगी। बिहार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कैमूर जिले के सिकेन्द्र कुमार सुमन और मधुबनी जिले की डॉ मीनाक्षी कुमारी का नाम शामिल है। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के उन बेहतरीन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाया है। आकाशवाणी, दिल्ली से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज शाम चार बजकर दस मिनट से एफएम गोल्ड, इंद्रप्रस्थ और आकाशवाणी के सभी चैनलों पर उपलब्ध होगा। आकाशवाणी के यूट्यूब चैनल पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

---

इधर, राज्य सरकार भी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में बयालीस चयनित शिक्षकों को शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगी। विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें ग्यारह महिला शिक्षक शामिल हैं। भोजपुर जिले के कस्तूरबा गर्ल्स हाई स्कूल के ललित कला शिक्षक पिन्टू प्रसाद का नाम भी सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची में शामिल किया गया है। पिन्टू प्रसाद हाल ही में हस्तशिल्प के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भी चुने गए हैं। इन सभी शिक्षकों को पंद्रह हजार रूपये नकद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इस मौके पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ और प्राथमिक शिक्षा के निदेशक मिथिलेश मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

---

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री प्रोफेसर सुनील कुमार ने भी प्रदेशवासियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में उत्कृष्ट शिक्षा को मानव संसाधन के विकास का मेरूदंड मानते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बहुयामी प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि बच्चों के बौद्धिक विकास, उच्च नैतिक मूल्यों के संचार और चरित्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों के व्यक्तित्व के विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

---

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे दस सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजें। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

---

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि भारत का वस्त्र उद्योग वर्ष– दो हजार तीस तक बढ़कर तीन सौ पचास अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि इससे देश में तीन करोड़ पचास लाख नौकरियां सृजित होंगी। भारत–टेक्स दो हजार पच्चीस के संबंध में जानकारी देते हुए श्री सिंह ने कहा कि ग्लोबल टेक्सटाइल एक्सपो – भारत टेक्स अगले वर्ष चौदह से सत्रह फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा। पांच हजार से अधिक प्रदर्शक और छह हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रेता इस एक्सपो में भागीदारी करेंगे।

---

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब पहली जनवरी दो हजार पच्चीस से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे अठ्हत्तर लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन –ईपीएफओ की बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी बैंक शाखा से पेंशन के वितरण से पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ को अधिक मजबूत, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सक्षम संगठन में बदलने के लिए किए जा रहे प्रयासों की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा आज राज्यसभा सदस्य पद की शपथ लेंगे। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उन्हें उच्च सदन की सदस्यता की शपथ दिलायेंगे। श्री कुशवाहा हाल ही में संपन्न हुए राज्यसभा उप चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

---

राज्य सरकार ने पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा और पत्रकार प्रकाश कुमार को राज्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त त्रिपुरारी शरण हैं। वहीं, एक अन्य सदस्य फूलचंद चौधरी हैं।

---

अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड में कथित अज्ञात बीमारी से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। रानीगंज के मझुआ पूरब में हुई इन मौतों के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। प्रभावित गांव में मेडिकल टीम लगातार कैंप कर रही है। सिविल सर्जन के के कश्यप ने बताया कि मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम संतोष कुमार ने बताया कि प्रभावित गांव के नौ अन्य बच्चों को सदर अस्पताल में जरूरी इलाज के लिये भर्ती कराया गया है।

---

खनन और भूत्तव विभाग ने प्रदेश में अक्टूबर से नबम्वर तक दो सौ सैंतीस घाटों से बालू खनन का निर्देश दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहीर कुमार सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बालू मित्र पोर्टल के माध्यम से पंद्रह अक्टूबर से बालू की ऑनलाइन खरीद–बिक्री शुरू होगी। उन्होंने कहा कि खनन से संबंधित गाड़ियों में जीपीएस और सिग्नल रेड के तहत बीस इंच की चौड़ी पट्टी लगी होगी। इन सभी वाहनों का जीओफेसिंग का जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि प्रत्येक घाट ई–चालाना से संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि बालू के अवैध खनन, ढुलाई और बिक्री पर रोकथाम के लिए दो स्पेशल एक्जीक्यूटीव मजिस्ट्रेट बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि बक्सर और समस्तीपुर जिले में गैस मिलने की संभावना के मद्देनजर ओएनजीसी की टीम स्थल जांच कर रही है। इसकी रिपोर्ट दो हजार पच्चीस तक आएगी।

---

और, अब खबरें पेरिस पैरालंपिक से। पैरालंपिक में कल का दिन भारत के लिए यादगार रहा। पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले तीरंदाज बनकर हरविंदर सिंह ने इतिहास रचा। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

वहीं, बिहार के शरद कुमार ने एक दशमलव आठ–आठ मीटर की हाई जम्प लगाकर रजत पदक जीता है। वे मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। इससे पहले शरद ने टाकियो पैरालंपिक दो हजार बीस में भी कांस्य पदक जीता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शरद कुमार से टेलिफोन पर बात कर उन्हें बधाई दी।

---

खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की ओर से आज पटना में विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें खिलाड़ी, कोच और खेल प्रशासक समेत छह सौ चौवालीस हस्तियां शामिल हैं। खेल सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और गोल कीपर पी. आर. श्रीजेश मौजूद रहेंगे।

---

मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, अररिया, किशनगंज, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिले के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। वहीं, पूर्वी और पश्चिम चम्पारण जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की स्थितियां बनी हुई है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी के बोखरा में सबसे अधिक अठहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है।

---

विशेष निगरानी विभाग ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में करोड़ों रूपये की गड़बड़ी के मामले में पूर्व कुलपति सुरेन्द्र प्रताप सिंह सहित पंद्रह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। गौरतलब है कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में वर्ष दो हजार बीस से तेईस के बीच करोड़ों रूपये की गड़बड़ी की शिकायत सामने आई थी।

---

निगरानी विभाग की टीम ने मुजफ्फरपुर के शिवायपट्टी थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सुमन झा को गुप्त सूचना के आधार पर ग्यारह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, मुज़फ़्फ़रपुर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की कार्रवाई में कर्मभूमि एक्सप्रेस सें उन्नीस बच्चों को मानव तस्करों से मुक्त कराया गया। मौके से पांच तस्कर भी गिरफ्तार किये गये हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – राज्य में प्रत्येक दो सौ किलोमीटर पर होंगे एयरपोर्ट। निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के दिये निर्देश।

**दैनिक भास्कर** ने पैरालंपिक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– हाई जम्प में बिहार के शरद को चांदी।

**दैनिक जागरण** लिखता है – शिवदीप लांडे पूर्णिया और राजेश बने दरभंगा के आईजी। चौदह आईपीएस का स्थानांतरण।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – राज्य में अभी छिटपुट और सामान्य बारिश के आसार। **आज अखबार** की सुर्खी है – छात्रों की संख्या के आधार पर स्कूलों में होगा शिक्षकों का पदस्थापन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. शिक्षक दिवस के अवसर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बिहार के दो शिक्षकों समेत देशभर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

02. कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अगले वर्ष से देश के किसी भी बैंक की शाखा से पेंशन प्राप्त कर सकेंगे।

03. अररिया जिले के रानीगंज में अज्ञात बीमारी से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत। प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल टीम कर रही है कैम्प।

04. और, हरविन्दर सिंह पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने। बिहार के शरद कुमार ने हाई जम्प में जीता रजत पदक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।